# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001
फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई-मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक : नि०प्रा०/नि I-03/ 2019 खण्ड 1927 / पटना, दिनांक 22/11/2019

प्रेषक,

रंजना कुमारी,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) -सह- जिला पदाधिकारी,
सभी नोडल पदाधिकारी (स० स०) -सह- उप विकास आयुक्त,
सभी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) -सह- अनुमंडल पदाधिकारी,
सभी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)-सह-जिला सहकारिता पदाधिकारी,
सभी निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी।

विषय : प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) निर्वाचन, 2019 की प्रक्रिया अवकाश के दिन भी जारी रहने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) निर्वाचन, 2019 हेतु अधिसूचना निर्गत एवं संसूचित है। संबंधित निर्वाचन पदाधिकारियों (स०स०) द्वारा सभी पाँच चरणों के निर्वाचन हेतु सूचना का प्रकाशन किया जा चुका है, जिसके अनुसार प्रथम चरण का नामांकन दिनांक 26.11.2019 से होना है।

कतिपय पदाधिकारियों द्वारा यह पृच्छा की जा रही है कि अवकाश के दिन भी चुनाव की प्रक्रिया यथा- नामांकन, संवीक्षा, अभ्यर्थिता वापसी इत्यादि जारी रहेगी या नहीं। इस संबंध में यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि अवकाश के दिन भी चुनाव की निर्धारित प्रक्रिया जारी रहेगी। निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान पड़ने वाले अवकाश के दिन भी अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

विश्वासभाजन

22-11-19

(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक: 1927 पटना, दिनांक 22/11/2019

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार पटना/निबंधक सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22-11-19

संयुक्त सचिव।

BSEA dt 21.11.2019